भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
13.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2181 का उत्तर

रेलवे स्टेशन पर कार्य पद्धतियों के अद्यतनीकरण और कार्यबल की तैनाती हेतु आकलन

2181. डा. अजित माधवराव गोपछड़े:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेलवे स्टेशनों का संचालन अभी भी ब्रिटिश काल से चली आ रही प्राचीन परिपाटियों के अनुसार हो रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो रेलवे स्टेशनों पर कार्यभार और कार्यबल का आकलन करने तथा उनकी कार्य पद्धतियों को अद्यतन करने के लिए रेलवे द्वारा आज की तारीख तक मंडल-वार क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार को उपर्युक्त मामलों के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हाँ, तो किससे प्राप्त हुआ है और इस संबंध में आज तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) क्या सरकार ने इस बड़े कार्य के लिए किसी सलाहकार फर्म को नियुक्त किया है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेलवे स्टेशनों को नवीनतम मानदंडों और प्रौद्योगिकियों के अनुसार परिचालित किया जाता है। रेलवे स्टेशनों पर स्टेशनों के वर्गीकरण, रोजगार के घंटों के विनियमों (एचओईआर) के आधार पर ड्यूटी के घंटों और विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित जनशक्ति मानदंडों के अनुसार पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध कराई जाती है। नई प्रौद्योगिकियों

SK

की शुरूआत, बदलती कार्यप्रणालियों, नई परिसंपत्तियों के सृजन आदि को ध्यान में रखते हुए जनशक्ति की आवश्यकता की निरंतर समीक्षा की जाती है।

भारतीय रेल पर इसके आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन के महत्व को ध्यान में रखते हुए रिक्तियों का होना और भरा जाना सतत् प्रक्रिया है। रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेंसियों को मांग-पत्र जारी करके भरा जाता है।

कोविड-19 के कारण लागू प्रतिबंधों में शिथिलता के बाद, 2.37 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों की दो प्रमुख परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गई हैं।

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	केंद्र	दिन
स्तर 2 - स्तर 6	1.26 करोड़	211	726	68
स्तर - 1	1.1 करोड़	191	551	33

इन परीक्षाओं के आधार पर रेलवे में 1,30,581 अभ्यर्थियों की भर्ती की गई है।

भारतीय रेल में 2004-2014 की तुलना में 2014-2024 के दौरान की गई भर्ती निम्नानुसार है।

अवधि	भर्तियां
2004-14	4.11 लाख
2014-24	5.02 लाख

इनमें से अधिकांश भर्तियां परिचालन और संरक्षा कोटियों में हैं।

इसके अलावा, प्रणाली में सुधार के रूप में, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर की शुरूआत से अभ्यर्थियों को निम्नलिखित तरीके से लाभ होगा:

- उम्मीदवारों के लिए अधिक अवसर;
- प्रत्येक वर्ष पात्र बनने वालों के लिए अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी

SK

तदनुसार, सहायक लोको पायलट, तकनीशियन, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) में उप-निरीक्षकों और कांस्टेबलों, जूनियर इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक/रासायनिक और धातुकर्म सहायक, पैरा-मेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी प्रचलित कोटियों (स्नातक) और गैर-तकनीकी प्रचलित कोटियों (पूर्व-स्नातक) के पदों को भरने के लिए जनवरी से अक्टूबर 2024 के दौरान 58,642 रिक्तियों के लिए आठ केंद्रीकृत अधिसूचनाएं अधिसूचित की गई हैं।

कंप्यूटर आधारित परीक्षा 25.11.2024 से शुरू हो गयी हैं।

*****

SK